# अल्पकालिक निविदा सूचना

पीएसी मुख्यालय उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या:पीएसी-तीन-260(बजट)2021 दिनांक 04-09-2021 द्वारा चालू वित्तीय वर्ष-2021-22 में मानक मद-29 अनुरक्षण (वार्षिक मरम्मत कार्य) के अन्तर्गत स्वीकृत अनुदान के सापेक्ष शासनादेश संख्या: 442/2021/1155/6-पु-7-2021-1 बजट दिनांक 08-04-2021 एवं उक्त कम में निर्गत उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद के पत्र संख्या: ग्यारह-2222(बजट)-2005 दिनांक 11-6-12 के प्रस्तर-7 में दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में निम्नांकित चयनित/अनुमोदित कार्यो के सम्पादन हेतु रजिस्टर्ड/प्रतिष्ठित फर्मो से मुहरबन्द निविदा दिनांक 30-11-2021 को आमंत्रित की गयी थी, परन्तु उक्त निविदा में ठेकेदार उपस्थित न होने के कारण उक्त निविदा निरस्त की जाती है। दिनांक 30-11-2021 की निविदा निरस्त किये जाने के फलस्वरूप निम्न विशेष मरम्मत कार्यों को कराये जाने की निविदा पुनः दिनांक 10-12-2021( दिन मंगलवार) आमंत्रित की जाती है।

| क्र स | कार्य का नाम | टेण्डर फार्म शुल्क | अर्नेस्ट मनी |
|---|---|---|---|
| 01 | हाउस गार्द बैण्ड बैरिक की उत्तरी दिशा मे दो पक्के भवनो के छत की मरम्मत एंव बरामदे के फर्श पर टाइल्स व रंगाई-पुताई का कार्य। | रू0 200/- प्रति फार्म | कार्य की धनराशि का दो प्रतिशत |
| 02 | हाउस गार्द बैण्ड बैरिक परिसर में जवानों हेतु उपलब्ध स्नानागार व शौचालयों में टूट फूट व दरवाजो की विशेष मरम्मत-रगांई-पुताई का कार्य | | |
| 03 | हाउस गार्द बैण्ड बैरिक कार्यालय के बरामदे व मनोंरजन गृह के बरामदे के फर्श पर टाइल्स व रगांई-पुताई का कार्य। | | |
| 04 | बाढ राहत बी दल व्यवस्थापन बोट क्लब लखनऊ पर निर्मित 01 अस्थाई हटमेन्ट टीन शेड के मरम्मत का कार्य | | |

1- निविदा फार्म **दिनांक 07-12-2021** तक की अवधि में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से 05.00 बजे के मध्य निर्धारित शुल्क रू0 200/- जमाकर प्रधान लिपिक कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

2- उपरॉक्ति प्रत्येक कार्य हेतु अलग-2 निविदा **दिनांक 10-12-2021** तक की अवधि में डाली जा सकती हैं, जिसे **दिनांक 10-12-2021** को अपरान्ह 13.00 बजे वाहिनी के राजपत्रित अधिकारी उप सेनानायक अथवा सहायक सेनानायक द्वारा निविदादाता फर्म के प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेंगी।

3- निविदा में प्रस्तावित कार्य की संख्या को कम अथवा अधिक किया जा सकता है। निविदा के साथ सम्बन्धित फर्म को प्रस्तावित कार्य का स्पेसिफिकेशन, उपयोगिता, कार्य पूर्ण करने की अवधि आदि का स्पष्ट विवरण/चार्ट संलग्न करना होगा।

4- सम्बन्धित फर्म को निविदा के साथ अपने फर्म के आयकर रिटर्न, रजिस्ट्रेशन, चरित्र प्रमाणपत्र आदि अभिलेख संलग्न करना होगा।

प्रत्येक निविदा के साथ प्रस्तावित कार्य के कुल धनराशि के दो प्रतिशत के बराबर धनराशि अर्नेस्ट मनी के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा।

6- निविदा न्यूनतम दर के सिद्धान्त के आधार पर स्वीकार की जायेगी।

7- कोई भी सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

8- कोई अधिवक्ता जो बार काउंसिल में पंजीकत होगा, निविदा में भाग नहीं ले सकता है। इसी प्रकार ब्लैक लिस्टेड ठेकेदार/फर्म निविदा नहीं डाल सकेंगे। निविदादाता को निविदा के साथ इस आशय का प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा कि वे न तो बार काउंसिल के पंजीकृत अधिवक्ता हैं न ही उनकी फर्म ब्लैक लिस्टेड की गयी है। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास रहेगा।

9- उक्त कार्यो से सम्बन्धित शर्ते, निर्देश एवं आगणन 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ के कार्यालय में उपलब्ध हैं। इच्छूक फर्मे किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर इसकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

पत्र संख्या: भ-06/2021

दिनांक: दिसम्बर 01 ,2021

01/12/21

(जय प्रकाश)

सेनानायक,

32वीं वाहिनी पीएसी,

लखनऊ।

<u>प्रतिलिपि: निम्न को सूचनार्थ एवं अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार कराने हेतु :-</u>

1- कण्ट्रोल रूम पीएसी मुख्यालय, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि निविदा का प्रकाशन उ0प्र0 पुलिस की वेबसाईट पर कराने का कष्ट करें। (सीडी संलग्न है)
2- पुलिस आयुक्त, लखनऊ/पुलिस अधीक्षक, सीतापुर, उन्नाव, बाराबकी, हरदोई, रायबरेली, अमेठी, खीरी/सेनानायक 35वीं, 10वीं, 25वीं, 30वी, 27वीं, 11वीं, 2वीं, वाहिनी पीएसी।
3- जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी/अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0/जिला उद्योग अधिकारी लखनऊ।
4- समस्त राजपत्रित अधिकारी/शिविरपाल/सूबेदार सैन्य सहायक/समस्त दलनायक को निविदा का समुचित प्रचार/प्रसार कराने हेतु।
5- कार्यालय नोटिस बोर्ड/जिलाधिकारी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रकाशन हेतु।
6- उप सेनानायक/सहायक सेनानायक 32वीं वाहिनी पीएसी को इस निर्देश के साथ कि दिनांक 10-12-2021 को निविदा प्रपत्र अपने सम्मुख खुलवाकर उसका तुलनात्मक चार्ट अनुमोदन हेतु प्रेषित करें।
7- शिविरपाल 32वी वाहिनी पीएसी लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि अपने स्तर से भी उक्त निविदा प्रचार-प्रसार कराना सुनिशिचत करें।